**70. भीलों के वस्त्रों के संदर्भ में, 'फेटा' है–**
(a) पुरूषों का एक प्रकार का आभूषण
(b) एक प्रकार का सिर का वस्त्र (पगड़ी)
(c) एक प्रकार का बालकों का वस्त्र
(d) ओढ़ने वाला मोटा लबादा

**वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I**

**Ans. (b) :** भील जनजाति के पुरूष सिर पर एक प्रकार की विशेष पगड़ी पहनते है जो फेटा/फेता कहलाता है, जिसकी लम्बाई लगभग 2 से 5 मीटर तक होती है।

**71. भील जनजाति की स्त्रियों द्वारा पहने जाने वाला लम्बा घाघरा जिस नाम से जाना जाता है, वह है-**
(a) कटकी (b) कछाबू
(c) कू (d) जामा

**कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022**

**Ans. (b) :** 'कछाबू' भील जनजाति की स्त्रियों द्वारा पहने जाने वाला लम्बा घाघरा होता है जो घुटने तक नीचे होता है। भील जनजाति की महिलायें पारम्परिक साड़ी पहनती है और पुरूष पायजामा के साथ ढीले लम्बे फ्रॉक पहनते हैं। औरतें चाँदी, पीतल के भारी-भरकम आभूषण, मोतियों की माला, चाँदी के सिक्के और कान की बाली पहनती है।

**72. राजस्थान में आदिवासी महिलाओं में, 'कटकी' परिधान कौन पहनता है?**
(a) विवाहित महिला (b) अविवाहित महिला
(c) विधवा महिला (d) इनमें से कोई नहीं

**कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018**

**Ans. (b) :** राजस्थान में आदिवासी महिलाओं में 'कटकी' परिधान अविवाहित महिलाएँ पहनती हैं। इसमें छपने वाले अलंकरण को 'पावली' व ओढ़नी को 'पावलीभाँत की ओढ़नी' कहते हैं।

**73. मारवाड़ में 'दामणी' क्या था?**
(a) एक प्रकार का आभूषण (b) ओढ़नी का एक प्रकार
(c) एक राजस्व कर (d) एक सरकारी योजना

**पटवार-2020 (23.10.2021)**
**RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022**

**Ans. (b) :** मारवाड़ में दामणी एक प्रकार की ओढ़नी है। राजस्थान की मध्यवर्ग की स्त्रियाँ एक विशेष प्रकार की लाल रंग की ओढ़नी, जिस पर धागों की कसीदाकारी होती है, का प्रयोग करती हैं, जिसे दामणी कहा जाता है।

**74. चीर-पटोरी क्या है?**
(a) साड़ी (b) पगड़ी
(c) जूती (d) घर

**RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)**

**Ans. (a) :** राजस्थान में साड़ियों के कई नाम प्रचलित है जैसे–चीर पटोरी, ओढ़नी, निचोल, चोल, दूकूल, पट, चुंदड़ी आदि। चुंदड़ी और लहरिया तो राजस्थान की खास साड़ियां हैं और आज भी लोकप्रिय हैं।

**75. राजस्थान के सन्दर्भ में 'पीला पोमचा' है-**
(a) लोकगीत (b) लोकनृत्य
(c) कपड़ा (d) पेन्टिंग

**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (c) –** पोमचा राजस्थान की एक प्रकार की ओढ़नी है। महिलाओं की ओढ़नी पोमचा का रंग पीला होता है। पोमचा कमल से संबद्ध है अर्थात् इसमें कमल के फूल बने होते हैं। पोमचा के चारों ओर का किनारा लाल होता है।

**76. राजस्थान में स्त्री परिधा 'पोमचा' को कहा जाता है-**
(a) पीला (b) कँवर जोड़
(c) कटकी (d) फेटिया

**RPSC RAS/RTS-1997-98**
**कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक रेफ्रीजेरेशन)-2018**
**House Keeper 2022_09.07.2022**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**77. 'राजस्थानी तारा भांत की ओढ़नी' का पहनावा किसमें प्रचलित है?**
(a) दलित महिलाएँ (b) जाट महिलाएँ
(c) आदिवासी महिलाएँ (d) गुर्जर महिलाएँ

**RPSC RAS/RTS-2012**
**संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)**

**Ans. (c) –** राजस्थानी ताराभांत की ओढ़नी का पहनावा आदिवासी महिलाओं में प्रचलित है। इसमें जमीन भूरी, लाल तथा किनारों का छोर काला षट्कोणीय आकृति वाला तारों जैसा होता है।

**78. 'पछवेड़ा' संदर्भित है-**
(a) परिधान (b) पगड़ी
(c) आभूषण (d) बर्तन

**कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक) -13.12.2020**
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019**

**Ans. (a) –** पछवेड़ा राजस्थान के पुरुषों का एक परिधान है। यह शीत ऋतु के समय प्रयोग में लाया जाता है। यह एक कम्बल जैसा मोटा वस्त्र होता (माटी सूती शॉल) है जिसे ठंड से बचाव के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**79. पछेवड़ा क्या है?**
(a) पगड़ी (b) आभूषण
(c) ओढ़ने वाला मोटा वस्त्र (d) एक रस्म

**कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022**

**Ans. (c) –** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**80. राजस्थान के संदर्भ में पचवेदा (Pachevada) क्या है?**
(a) जूटपट्टी
(b) कच्ची मिट्टी के खिलौने
(c) मोटी सूती शॉल
(d) हस्त निर्मित कागज

**पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV**

**Ans. (c) –** उर्पयुक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**81. राजस्थान की संस्कृति में 'मुगधणा' क्या है-**
(a) लाख की चूड़ियाँ जिसमें चाँदी की कड़ी पिरोई जाती है।
(b) माताजी को मेहंदी चढ़ाकर मेहमानों में बाँटना
(c) भोजन पकाने के लिए लकड़ियाँ जो विनायक स्थापना के पश्चात् लाई जाती हैं।
(d) वधू को मूँग और घी खिलाना।

**Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016**

**Ans. (c) –** राजस्थान की संस्कृति में 'मुगधणा' भोजन पकाने के लिए लकड़ियाँ हैं जो विनायक स्थापना के बाद लाई जाती हैं।